# प्रदेश में 550 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा कम्प्रेस्ड बायोगैस और बायोडीज़ल प्लांट, 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर

## चर्चा में क्यों?

19 अक्तूबर, 2023 को उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) की राज्यस्तरीय समिति ने कम्प्रेस्ड बायोगैस तथा बायो डीज़ल के उत्पादन संयंत्रों की स्थापना के लिये 550 करोड़ रुपए के 12 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की।

## प्रमुख बिंदु

- यूपीनेडा मुख्यालय में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत महेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई राज्यस्तरीय समिति की बैठक में भूमि बैंक लोन सहित अन्य ज़रूरी औपचारिकताएँ पूर्ण करने वाले प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।
- स्वीकृत 12 परियोजनाओं से प्रदेश में 93 टन सीबीजी और 44 किलो लीटर बायो डीज़ल का उत्पादन रोज़ाना होगा।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में 13 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिन पर आवश्यक निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस प्रकार अभी तक स्वीकृत कुल 25 प्रस्तावों से 1271 करोड़ रुपए का निवेश होगा।
- यूपीनेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अब तक लगभग सात लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव यूपीनेडा को प्राप्त हुए हैं। इसमें से लगभग 57 हज़ार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के तहत बायो ऊर्जा क्षेत्र के हैं।
- कम्प्रेस्ड बायोगैस, बायो डीज़ल तथा बायोकोल के प्लांटों की स्थापना हेतु 354 निवेशकों ने अपनी परियोजनाओं की स्वीकृति के लिये यूपीनेडा के समक्ष अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसमें से 80 परियोजनाओं को यूपीनेडा स्तर से सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।
- निवेशकों की जिन 12 परियोजनाओं को समिति द्वारा मंज़ूरी दी गई है, वे हैं-
  - कम्प्रेस्ड बायो गैस के लिये बरेली में कार्बन सर्कल प्राइवेट लिमिटेड को।
  - मेरठ में आनंद मंगल इन्फ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को।
  - सीतापुर में ईकोतारस सस्टेनेबल सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को।
  - मुज़फ्फरनगर में बायोस्पार्क एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को।
  - रायबरेली में पंचवटी फूड को।
  - मथुरा में अडानी टोटल एनर्जी बायोमास प्राइवेट लिमिटेड को।
  - मुज़फ्फरनगर में मेसर्स रिज़ूलेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को।
  - मुरादाबाद में जैविक विकल्प ऊर्जा लिमिटेड को।
  - सहारनपुर में बी. के. इन्वेस्टमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को।
  - शामली में श्री शताक्षी बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड को।
  - बायोडीज़ल के लिये लखनऊ में सिसोदिया रिसर्च लेबोरेटरीज़ प्राइवेट लिमिटेड को।
  - लखनऊ मैटफ्यूज़न वेल्ड प्राइवेट लिमिटेड को।



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/compressed-biogas-and-biodiesel-plant-will-be-built-in-the-state